600 पौधों को किया गया रोपित

▸ सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने किया पौधारोपण

नर्मदापुरम/05,जुलाई,2026/ वनमहोत्सव 2026 के अंतर्गत नर्मदापुरम में रविवार को नर्मदा नदी के तट पर हर्बल पार्क से चौरे घाट तक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा नर्मदा तट के पारिस्थितिक संतुलन को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया.इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा एवं वनमंडलाधिकारी श्री गौरव शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

पर्यावरण के निर्माण में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका

वनमहोत्सव के दौरान कुल 600 पौधे रोपे गए. इनमें वट, पीपल, अर्जुन, चिरोल, नीम, आंवला सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे शामिल रहे. इन पौधों के माध्यम से नर्मदा तट को अधिक हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने का प्रयास किया गया. मुख्य अतिथि सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है. उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेने का आह्वान किया. विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण के निर्माण में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने वन विभाग, लायंस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस जनहितकारी अभियान के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए नागरिकों से वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपील की. नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, एसडीओ (वन) रमेश मीणा, एसडीओ (वन) अनिल विश्वकर्मा, रेंज अधिकारी महेंद्र गौर (नर्मदापुरम), नागरिक उपस्थित रहे.

नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए बैठक आयोजित

नर्मदापुरम, 5 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम तथा बेहतर समन्वय के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई.

बैठक में कलेक्टर ने पूर्व बैठक की कार्रवाई विवरण की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के सभी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, उनके दुष्प्रभावों तथा नशामुक्ति के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं.

उन्होंने जिले में संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का नियमित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए.

साथ ही, नशे के दुष्परिणामों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा नशे से प्रभावित व्यक्तियों की काउंसलरों के माध्यम से नियमित काउंसलिंग सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया.कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए.

आज एफ़ेलियन डे : सूर्य से सबसे दूर होगी पृथ्वी

▸ फिर भी नहीं घटेगी गर्मी

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 5 जुलाई. आज पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करते हुए अपने वार्षिक सबसे दूरस्थ बिंदु एफ़ेलियन पर पहुंचेगी. भारतीय समयानुसार रात करीब 11 बजे पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी लगभग 15 करोड़ 20 लाख किलोमीटर हो जाएगी, जो पूरे वर्ष की सबसे अधिक दूरी होगी.

नेशनल अवार्ड विजेता खगोल विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि पृथ्वी की कक्षा पूरी तरह गोल नहीं, बल्कि हल्की अंडाकार है. इसी कारण हर वर्ष एक बार पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट (पेरिहेलियन) और एक बार सबसे दूर (एफ़ेलियन) होती है. इस वर्ष 3 जनवरी को पेरिहेलियन के दौरान यह दूरी करीब 14 करोड़ 70 लाख किलोमीटर थी, जबकि आज यह बढ़कर लगभग 15 करोड़ 20 लाख किलोमीटर हो जाएगी.

उन्होंने बताया कि लोगों में यह धारणा है कि सूर्य से दूरी बढ़ने पर पृथ्वी पर ठंड बढ़नी चाहिए, लेकिन यह वैज्ञानिक रूप से सही नहीं है. मौसम का संबंध पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से नहीं, बल्कि पृथ्वी की धुरी के 23.5 डिग्री झुकाव से होता है.

सारिका घारू के अनुसार, वर्तमान में पृथ्वी का उत्तरी गोलार्ध सूर्य की ओर झुका हुआ है. इसी कारण भारत सहित उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की किरणें अधिक सीधी पड़ रही हैं, जिससे गर्मी का प्रभाव बना हुआ है .वहीं दक्षिणी गोलार्ध के देशों, जैसे ऑस्ट्रेलिया में, इस समय सर्दियों का मौसम है क्योंकि वहां सूर्य की किरणें तिरछी पड़ रही हैं. उन्होंने बताया कि एफ़ेलियन के दौरान सूर्य का दिखाई देने वाला आकार सामान्य दिनों की तुलना में लगभग 3 .4 प्रतिशत छोटा दिखाई देता है, हालांकि यह अंतर इतना कम होता है कि इसे नंगी आंखों से पहचानना संभव नहीं है. सारिका घारू ने विद्यार्थियों और आम लोगों से अपील की कि एफ़ेलियन डे को विज्ञान को समझने का अवसर बनाया जाए.

चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज का स्वच्छता अभियान

▸ अब हर रविवार होगा पौधारोपण

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम,5 जुलाई. स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज ने नर्मदा तट की स्वच्छता और संरक्षण के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया. समाज की मातृशक्ति और पुरुष सदस्यों ने मिलकर घाट परिसर व नर्मदा किनारे की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया. यह अभियान पिछले चार-पांच वर्षों से लगातार संचालित किया जा रहा है.

सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं समाजसेवी मंजू श्रीवास्तव ने कहा कि मां नर्मदा हमारी आस्था और संस्कृति का आधार हैं. उनकी स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. समाजसेवी सुनील राय ने कहा कि स्वच्छता एक नियमित संस्कार है और श्रद्धालुओं को पूजा सामग्री, प्लास्टिक व अन्य कचरा घाटों पर नहीं छोड़ना चाहिए. बैंक सेवानिवृत्त अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देता है. अभियान के समापन पर सभी ने नर्मदा तट को स्वच्छ रखने और लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर अभय वर्मा, अशोक वर्मा, केशव देव वर्मा, सीबी खरे, प्रीति खरे, ज्योति वर्मा, रितु श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.

भारी बारिश को देखते हुए समाज ने वर्षा ऋतु में स्वच्छता अभियान को विराम देकर अब प्रत्येक रविवार नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया.

150 महिलाओं को साइबर ठगी से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 5 जुलाई. पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में संचालित राज्यव्यापी साइबर जागरूकता अभियान 'सेफ क्लिक - 2026 2.0' के तहत के आनंद होटल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा द्वारा आयोजित स्व-सहायता समूह कार्यक्रम में साइबर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया.कार्यक्रम में करीब 150 महिलाओं ने भाग लेकर साइबर एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी प्राप्त की.

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन ने महिलाओं को डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए मोबाइल में लॉक पैटर्न या फिंगरप्रिंट लॉक लगाने, ओटीपी , यूपीआई पिन , एटीएम पिन और सीवीवी जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने तथा अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी.

एसडीओपी जितेन्द्र पाठक ने वर्तमान में सक्रिय एपीके फाइल फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि व्हाट्सप्प पर बिजली बिल केवाईसी अपडेट या लॉटरी के नाम से भेजी जाने वाली फाइलों को डाउनलोड न करें.

इधर व्हाट्सअप सायबर फ्रॉड से ठगी

इटारसी थाना क्षेत्र में महिला के साथ अज्ञात आरोपी ने व्हाट्सअप सायबर फ्रॉड करके 1 लाख 90 हजार की सायबर ठगी की हैं. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांधी नगर वार्ड नंबर 23, सेल्स टैक्स ऑफिस के पीछे की रहने वाली 23 वर्षीय युवती अंजलि पिता ब्रजेश घारू के साथ यह ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है .1 जुलाई 2026 की दोपहर 2 बजे से लेकर 3 जुलाई की शाम 5 :56 बजे के बीच अलग-अलग किस्तों में इस ठगी की वारदात को अंजाम दिया. जब युवती को धोखाधड़ी का अहसास हुआ, तो उसने पुलिस को आपबीती सुनाई.

▸ एक नजर में

फर्जी मैसेज और कॉल के जरिए हो रही ठगी

हरदा, 5 जुलाई. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का भुगतान केवल अधिकृत माध्यमों से ही करें. कंपनी ने बताया कि नकद भुगतान जोन कार्यालय, वितरण केंद्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केंद्रों जैसे एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर पर ही किया जाए. इसके अलावा उपभोक्ता कंपनी के पोर्टल के माध्यम से नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि से भी भुगतान कर सकते हैं. साथ ही फोन पे, अमेज़न पे, गूगल पे, पेटीएम, व्हाट्सएप पे एवं उपाय मोबाइल ऐप के माध्यम से भी सुविधा उपलब्ध है. कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी निजी मोबाइल नंबर से कॉल कर या एसएमएस/व्हाट्सएप के माध्यम से बिजली बिल भुगतान के लिए कोई संदेश नहीं भेजा जाता है. उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे किसी भी अनजान मोबाइल नंबर या संदिग्ध लिंक पर भरोसा न करें और न ही अपना पिन या ओटीपी किसी के साथ साझा करें. साइबर जालसाज अक्सर बिजली काटने की धमकी देकर भुगतान के लिए दबाव बनाते हैं, जो पूरी तरह फर्जी होता है.

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो मजदूर घायल

पिपरिया ,5 जुलाई. शनिवार शाम धान काटने जा रहे दो मजदूर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। घटना जिला छिंदवाड़ा के अन्होनी क्षेत्र के पास हुई. घायलों में दुर्गेश पिता फूल सिंह (24 वर्ष), निवासी घोघराढाना और मूरन सिंह पिता मंतरलाल (32 वर्ष), निवासी वरूखेड़ा, जुन्नारदेव शामिल हैं. दोनों बाइक से अन्होनी से ढाडिया, पिपरिया की ओर धान काटने जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. घटना में दुर्गेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर किया गया. डॉक्टर देवेंद्र ठाकुर ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया.

वृद्ध आश्रम में नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

पिपरिया , 5 जुलाई. शासकीय वृद्धाश्रम, नगर पालिका पिपरिया में आयुष विभाग जिला नर्मदापुरम द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय शोभापुर की टीम ने इस शिविर का संचालन किया, जिसमें वृद्धजनों के साथ नागरिकों ने भी आयुर्वेदिक दवाओं का लाभ प्राप्त किया. शिविर में डॉ. विमल किशोर यादव (एएमओ), डॉ. कंचन तिवारी, भीकम सिंह राजपूत (कंपाउंडर) एवं हरिओम सेन (सहायक) उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी शासकीय वृद्धाश्रम में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा चुके हैं. छह दिवसीय मेगा शिविर फरवरी माह में भी आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया था. वृद्धाश्रम के लाभार्थियों ने बताया कि आयुर्वेदिक दवाओं से उन्हें पाचन, गैस और हाथ-पैर दर्द जैसी समस्याओं में राहत मिली है. स्थानीय लोगों में आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति रुझान बढ़ रहा है.

टीईटी मुद्दे पर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

▸ लोकसभा में मुद्दा उठाने का मिला आश्वासन

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम,5 जुलाई. मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला इकाई नर्मदापुरम ने रविवार को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी को उनके जनसंपर्क कार्यालय में ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन के माध्यम से संघ ने टीईटी की वर्तमान व्यवस्था में आवश्यक संशोधन की मांग करते हुए लाखों शिक्षकों की समस्याओं के स्थायी समाधान की अपील की.

शिक्षक संघ ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान टीईटी व्यवस्था के कारण प्रदेश एवं देश के लाखों शिक्षक मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक चिंताओं का सामना कर रहे हैं.संघ ने सांसद से आग्रह किया कि वे इस विषय को केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखें तथा आगामी मानसून सत्र में आवश्यक विधायी संशोधन या अध्यादेश लाने की पहल करें, ताकि वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को राहत मिल सके.सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ज्ञापन प्राप्त कर शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि वे टीईटी से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय को पूरी गंभीरता के साथ लोकसभा में उठाएंगे. ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मालकजी पटेल, जिला सचिव अजीत सिंह रहे.

24 घंटों में जिले में 4 .5 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

हरदा ,5 जुलाई. जिले में गत 24 घंटों में 4.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि पिछले 24 घंटों में हरदा तहसील में 0 मि.मी., टिमरनी में 5.3 मि.मी., खिरकिया में 16.4 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है.

हरदा तहसील में 330.3 मि.मी., टिमरनी में 217.6 मि.मी., खिरकिया में 334.4 मि.मी., सिराली में 292.7 मि.मी. तथा रहटगांव में 303.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है.अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 5 जुलाई तक 280.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी.

सटोरियों पर पुलिस का शिकंजा

▸ लगातार कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 5 जुलाई. जिले में अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान ने सटोरियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार दबिश देकर अवैध सट्टा संचालित करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप का माहौल है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सट्टा केवल एक अवैध गतिविधि नहीं है, बल्कि यह सामाजिक अपराधों को भी बढ़ावा देता है. इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने मुखबिर तंत्र को और अधिक सक्रिय किया है तथा संदिग्ध स्थानों पर नियमित छापेमारी की जा रही है.

अभियान के दौरान कई मामलों में सट्टा-पर्चियां, नकदी एवं अन्य सामग्री जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है.

अधिकारियों का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व अभी भी चोरी-छिपे सट्टा संचालन का प्रयास कर रहे हैं,

उर्वरक व्यवस्था को लेकर किसान यूनियन विरोध प्रदर्शन

हरदा ,5 जुलाई.ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी की मात्रा बढ़ाने, पिछले वर्ष की सोयाबीन फसल की लंबित बीमा राशि का शीघ्र भुगतान करने तथा उर्वरक वितरण की मौजूदा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर आम किसान यूनियन का विरोध प्रदर्शन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. इस दौरान यूनियन कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न गांवों में मध्य प्रदेश सरकार का पुतला दहन कर अपनी नाराजगी जताई.

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि 2 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई थी. साथ ही चेतावनी दी गई थी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो गांव-गांव विरोध प्रदर्शन किया जाएगा.

इसी क्रम में रविवार को ग्राम भोनखेड़ी, सोनखेड़ी, नांदरा, गोयत तथा ग्राम पंचायत मंझली में सरकार का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की.

आम किसान यूनियन ने कहा कि यदि किसानों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी दिनों में जिले के प्रत्येक गांव में विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा. इसके बाद जिला मुख्यालय पर 'कलेक्टर कार्यालय घेरो, डेरा डालो' आंदोलन आयोजित कर व्यापक स्तर पर किसानों की आवाज बुलंद की जाएगी.

आयोजन ▸ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती स्मरण पक्ष के अंतर्गत रविवार को परमशी गार्डन में भाजपा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें : सांसद

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम,5 जुलाई.भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती स्मरण पक्ष के अंतर्गत रविवार को परमशी गार्डन में भाजपा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया.कार्यक्रम के पूर्व में अतिथियों द्वारा आंवले का पौधा रोपित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् से हुआ तथा वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए.

वक्ता सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र प्रथम का संकल्प, अखंड भारत का स्वप्न और जनसेवा का आदर्श आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है. उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर संगठन को मजबूत बनाना होगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा. उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत की अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी ने देश की औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी. संविधान सभा के सदस्य के रूप में उन्होंने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी त्याग, तपस्या, राष्ट्रभक्ति और बलिदान की विचारधारा पर आधारित संगठन है. उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय मंत्री पद का त्याग कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा तथा भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी. उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया. राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने शिक्षा, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक गौरव के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया. उन्होंने संयुक्त बंगाल की योजना का विरोध कर पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई. भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास संघर्ष, तप, त्याग और संगठन की शक्ति का इतिहास है. उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं के समर्पण के कारण ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है. जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

किसान आंदोलन की तैयारियों के दिए निर्देश

हरदा,5 जुलाई. जिला प्रभारी श्रीमती रचना जैन की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिले के सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई. बैठक में संगठन विस्तार, आगामी प्रशिक्षण शिविर तथा किसानों की समस्याओं को लेकर प्रस्तावित आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई.

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा.

जिला प्रभारी रचना जैन ने निर्देश दिए कि आगामी दो दिनों के भीतर जिले की सभी ब्लॉक कार्यकारिणी, मंडल कार्यकारिणी तथा ग्राम पंचायत समितियों का गठन अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाया जा सके.

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि 6 जुलाई को दोपहर 2 बजे किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि किसानों की मांग है कि ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए तथा उर्वरक वितरण के दौरान किसानों को यूरिया देने से पहले फॉस्फोरस खाद खरीदने के लिए बाध्य करने की व्यवस्था तत्काल समाप्त की जाए.